## महत्वपूर्ण एवं खास

### मांस-मटन विक्रय पर 26 और 30 जनवरी को प्रतिबंध

**रायपुर (आरएनएस)।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी एवं महात्मा गॉधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी को रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मांस-मटन विक्रय पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। राजधानी रायपुर निगम क्षेत्र के समस्त 70 वार्डो में स्थित सभी पशुवध गृहों, समस्त मांस-मटन विक्रय केन्द्रों को शतप्रतिशत रूप से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी एवं महात्मा गॉधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी के पावन अवसर पर बंद रखने एवं मांस-मटन विक्रय पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इस सम्बद्ध में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूर्व में आदेश भी जारी किया गया है।

### बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में नलों में आ रहा गंदा पानी, रहवासी हो रहे परेशान

**रायपुर (आरएनएस)।** बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में लंबे अर्से से पेयजल आपूर्ति में गंदा एवं बदबूदार पानी घरों में आ रहा है जिसके चलते लोग परेशान है। उक्त क्षेत्र के रहवासियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में नगर निगम के जिम्मेदारों को लिखित में सूचित किया गया उसके बावजूद भी पानी गंदा एवं बदबूदार आपूर्ति जारी है। क्षेत्र के रहवासियों ने वार्ड पार्षद जोन कमिश्नर एवं महापौर एजाज ढेबर से संक्रामक बीमारियों से बचने बाबत पेयजल विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के संबंध में निर्देश देने की मांग की है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी किये जाने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार शिवानंद नगर सेक्टर -3 सांई मंदिर खमतराई निवासी आशुतोष साहू 31 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी प्राइवेट इंजीनियर है 20 जनवरी को शाम 6 बजे अपने मकान में ताला बंद कर परिवार के साथ बहन के यहां धमतरी गया था। वापस आने पर घर का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर प्रवेश करने पर देखा कि आलमारी खुली हुई थी व सामान पूरा कमरे में बिखरा हुआ था। आलमारी में रखे सामान का मिलान करने पर सोने का चैन (16 ग्राम), सोने का अंगूठी (6 ग्राम) व चांदी की पायल (4 नग) एवं चांदी का जेवर सहित पूजा वाला शंख चोर चोरी कर ले गये।

### तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर दो कारों को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** रांग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही कार को ठोकर मारते हुए सड़क किनारे खड़ी कार को ठोकर मार दिया जिसके चलते कार सवार घायल हो गया एवं दोनों कारें बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार हेमू नगर तोरवा बिलासपुर निवासी मनीष अवस्थी 50 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी हाईकोर्ट बिलासपुर में वकालत करता है 22 जनवरी को अपनी भांजी के शादी में रिस्तेदार दीपान्शु अवस्थी के साथ महेन्द्रा कार से आर्शीवाद भवन आया हुआ था आर्शीवाद भवन के सामने मुख्य मार्ग से दूर रोड किनारे निर्धारित पार्किंग में कार खड़ी कर आर्शीवाद भवन में वैवाहिक कार्यक्रम में व्यस्थ था बुधवार की रात्रि एक बजे हल्ला होने पर बाहर आकर देखा तो कार क्र. सीजी 06 जीडी 6429 का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक रांग साईड में वाहन चलाते हुए सामने से आती हुई होण्डा अमेज कार क्रमांक सीजी 07 बीटी 0304 को सामने से ठोकर मारा जिसके चलते दोनों कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी प्रार्थी की कार को ठोकर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

### दुकान जा रही नाबालिग के साथ छेड़खानी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** दुकान जा रही लड़की का हाथ बांह पकड़कर अश्लील हरकत करने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार भनपुरी खमतराई बंधवा तालाब निवासी पीड़िता 16 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 जनवरी को बंधवा तालाब के पास भनपुरी में दुकान से घर जाते समय नंदराज मांडले 20 ने प्रार्थियां का हाथ बांह पकड़कर बेइज्जत करने की नियत से अश्लील हरकत किया।

# कृषि मंत्री सेंदरी धान खरीदी केन्द्र में किसानों से हुए रूबरू

**रायपुर। कृषि, जल संसाधन, विधि विधायी संसदीय कार्य मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने आज बिलासपुर जिले के ग्राम सेंदरी स्थित धान खरीदी केन्द्र परिसर में क्षेत्र के किसानों से चर्चा की।**

## » धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता

इस दौरान उन्होंने किसानों से धान खरीदी केन्द्र में व्यवस्था, टोकन जारी करने, प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदी एवं भुगतान तथा बेमौसम बारिश से धान खरीदी प्रभावित होने के संबंध में जानकारी ली। कृषि मंत्री के साथ स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, विधायकद्वय श्री शैलेष पाण्डेय एवं श्रीमती रश्मि सिंह मौजूद थे।

कृषि मंत्री श्री चौबे ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि धान खरीदी मुख्यंमत्री श्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के ऊपज धान को निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप खरीदी की जाएगी। उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने भी किसानों को सबोधित करते हुए धान खरीदी के संबंध में जानकारी दी। तत्पश्चात कृषि मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए किसानों से धान तौलाई के संबंध में जानकारी ली। उक्त खरीदी केन्द्र में लगभग 27 हजार 500 क्विंटल धान खरीदी की जा चुकी है। इस वर्ष वहां 35 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य है। अब तक लगभग 80 प्रतिशत धान की खरीदी जी जा चुकी है। सेंदरी सहकारी समिति के अध्यक्ष श्री भारद्वाज एवं श्री कमलेश सिंह ने खरीदी केन्द्र में किसानों के लिये की गई व्यवस्था, छाया-पानी एवं वृक्षारोपण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ.संजय अलंग, एस.पी. श्री प्रशांत अग्रवाल, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

# सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर स्कूली छात्रों ने निकाली रैली

**रायपुर (आरएनएस)। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर राजधानी में नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा गुरूवार को पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया है। इस अवसर पर स्कूली छात्रों द्वारा रैली भी निकाली गई।**

नगर निगम के संस्कृति विभाग प्रभारी अधिकारी हेमंत शर्मा ने बताया कि नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर आज सुबह 9 बजे जयस्तंभ चौक पर एवं 10 बजे राजधानी के रेल्वे स्टेशन परिसर के सामने नेताजी सुभाषचंद्र की मूर्ति के समक्ष जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम एवं विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा नागरिकगण शामिल हुए। इस अवसर पर राजधानी के जयस्तंभ चौक से नगर निगम के सभी उच्चतर माध्यमिक शालाओं के छात्रों ने रैली निकाली। यह रैली जयस्तंभ चौक से होते हुए शारदा चौक गुरूनानक चौक, गुरूद्वारा चौक होकर रेल्वे स्टेशन परिसर के सामने स्थित नेताजी सुभाष की मूर्ति स्थल पर समाप्त हुई। तत्पश्चात यहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा निकाली गई रैली में शहर के शारदा चौक, गुरूनानक चौक, स्टेशन चौक पर संस्कृति विभाग द्वारा निगम शिक्षा विभाग के सहयोग से पुष्पवर्षा भी की गई।

# स्कूल शिक्षा मंत्री ने डिप्लोमा कोर्स करने वाली छात्राओं को प्रदान किए

## » मदरसा संचालकों का किया सम्मान

रायपुर। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखण्ड सिमगा में संचालित मदरसा जामिया मादरे अहले सुन्नत में आयोजित कार्यक्रम में उर्दू और अरबी भाषा का एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं को सर्टिफिकेट का वितरण किया। उन्होंने कार्यक्रम में मदरसा संचालकों का सम्मान भी किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री सलाम रिजवी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि सिमगा जैसे छोटे से इलाके में मुस्लिम समाज के लड़कियों के लिए मदरसे का संचालन किया जा रहा है। यहां छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्य की लड़कियां भी पढ़ाई कर रही हैं। डॉ. टेकाम ने मदरसे के बेहतर संचालन के लिए संचालिका शाहना नूरी और मदरसा कमेटी के अध्यक्ष डॉ. जमाल कुरैशी के कार्यों की सराहना की।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम को बताया गया कि सिमगा में मदरसा जामिया मादरे अहले सुन्नत सन् 2005 से संचालित है। यहां दीनी तालीम के साथ ही पहली से आठवी तक आधुनिक शिक्षा भी दी जा रही है। इस वर्ष यहां 235 छात्र पढ़ रही हैं।

# बस्तर के नक्सल गढ़ में आला अधिकारियों के हो रहे हैं दौरे

## » नक्सलवाद के विरूद्ध किसी बड़ी कार्यवाही के लगाये जा रहे हैं कयास

**जगदलपुर (आरएनएस)।** नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी, देश के आंतरिक सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार और डीजी सीआरपीएफ एपी महेश्वरी जैसे आला अधिकारियों के लगातार दौरे को नक्सल मामले पर बड़ी कार्यवाही के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। साथ ही 26 जनवरी को ध्यान में रखकर तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नक्सलियों द्वारा किसी षड़यंत्र को नाकाम करने के लिए रणनीति के तहत कार्यवाही करने के कयास भी लगाये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि देश के सुरक्षा सलाहकार के विजय कुमार का नक्सल प्रभावित सुकमा जिले का दौरे को केंद्र सरकार के द्वारा नक्सलियों के विरूद्ध बड़े एक्शन प्लान के तहत तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। जिसके बाद डीजी सीआरपीएफ एपी महेश्वरी का बीजापुर जिले का दौरा और सुकमा जिले के दोरनापाल में फोर्स के साथ बैठकों के दौर को भी नक्सलियों के विरूद्ध बड़ी रणनीति की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। इसके बाद पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी के कांकेर जिले के नक्सल प्रभावित कोयलीबेड़ा के दौरे को भी इसी के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। लगातार सुरक्षा में लगे आला अधिकारियों के दौरे और बैठक के परिपेक्ष में नक्सलियों के विरूद्ध रणनीति के संबंध में कोई खुलासा नहीं हुआ है।

आला अधिकारियों के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर लगातार हुए बैठकों के दौर के संबंध में बस्तर आईजी सुंदरराज पी से इस संबंध में चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि नक्सलियों के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर महाप्रबंधक गौतम बनर्जी द्वारा रायपुर खंड का वार्षिक निरीक्षण किया जायेगा

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर महाप्रबंधक गौतम बनर्जी द्वारा रायपुर रेल मंडल का वार्षिक निरीक्षण दाधापारा . रायपुर सेक्शन में किया जाना प्रस्तावित है । प्रति वर्ष महाप्रबंधको द्वारा मंडलों में वार्षिक निरीक्षण किए जाते हैं एइस दौरान यात्री सुविधाओं संरक्षाए सुरक्षा की सुनिश्चित के साथ.साथ जनप्रतिनिधियों, स्थानीय संगठनों व्यापारिक संगठनों से भी महाप्रबंधक मिलते हैं । रायपुर मंडल का वार्षिक निरीक्षण दिनांक 24 जनवरी, 2020 को किया जाना है ।

महाप्रबंधक बिलासपुर द्वारा रायपुर मंडल के वार्षिक निरीक्षण के अंतर्गत दाधापारा. बिल्हा रेलखंड फ टक क्रमाक 372, शिवनाथ नदी पर बने बिलासपुर-रायपुर सेक्शन के दगोरी. निपनिया के मध्य स्थित ब्रिज नं. 462 अप शिवनाथ ब्रिजए निपनिया.भाटापारा के मध्य कर्वए निपनिया.भाटापारा के बीच स्थित आर्च ब्रिज नं. 456, भाटापारा स्टेशन पर प्लेटफ ार्म नंबर .1 रेलवे कॉलोनी हेल्थ यूनिट ए सिलियारी यार्ड पॉइंट एंड क्रासिंग एएलसी सुरक्षा उपकरणो की जांच की जायेगी। इस दौरे में महाप्रबंधक गौतम बनर्जी के साथ रायपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता, बिलासपुर मुख्यालय के सभी प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे ।

### स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान में 628 मामलों में यात्रियों से 133325 रूपये जुर्माना वसूला गया

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 22 जनवरी को चलाए गए स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान में कुल 628 मामलों यात्रियों से 01 लाख 33 हजार 325 रूपये जुर्माना वसूला गया। रेल मंडल के पीआरओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को 08 लोकल एवं लगभग 24 एक्सप्रेस ट्रेनों में स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

# हाइड्रा वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत ,गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

**जांजगीर (आरएनएस)।** चाम्पा शहर से लगे ग्राम बिरगहनी 6च8 के मुख्य सड़क से लगे सियाराम राठौर के बाड़े के पास मृतक महिला दम्पति सुबह 09:00 बजे काम के लिए सायकल पर सवार हो कर चाम्पा की तरफआ रहे थे, की पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाइड्रा चालक ने सायकल सवार दम्पति को ठोकर मार दी ठोकर इतनी भयानक थी कि मौके पर ही सायकल पर सवार महिला की मौत हो गयी और वही महिला के पति का एक पैर टूट गया है और वह ठोकर से दूर छिटक कर गिर गया, मृतक महिला बिरगहनी 6च8 ग्राम की बेटी है वर्तमान सरपंच प्रत्याशी गजपति साहू के करीबी रिश्तेदार 6मौसी8 थी जिसका नाम तेरस साहू बताया जा रहा है। घटना के फौरन बाद हाइड्रा चालक मौके से फरार हो गया है, और जानकारी मिली है कि इसी हाइड्रा चालक ने इससे थोड़ी देर पहले ग्राम पिसौद में एक सायकल सवार को ठोक कर फरार हुआ था और पिसौद के कुछ लोग मोटरसायकल पर सवार होकर हाइड्रा वाले का पीछा कर रहे थे, मोटरसायकल वाले से बचने के लिए हाइड्रा चालक रफ्तार से भाग रहा था और बिरगहनी 6च8 के पास इस भीषण घटना को अंजाम दे दिया ।



# मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना बनी ग्रामीणों के लिए वरदान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना जिले के दूरदराज के ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। हाट बाजार में आने वाले लोगों को अब वहीं पर ही क्लीनिक से स्वास्थ्य जांच और उपचार का लाभ मिलने से बहुत फायदा हो रहा है। विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए ग्रामीणों को शहरों में आना पड़ता। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक से इन बीमारियों का इलाज अब स्थानीय स्तर पर ही हो रहा है।

राजनांदगांव जिले के मानपुर, मोहला, अंबागढ़ चौकी के दूरस्थ अंचलों के हाट बाजारों में दैनिक उपयोग की चीजों की खरीदी के लिए आए गांवों के लोगों को योजना का अच्छा लाभ मिल रहा हैं। योजना के क्रियान्वयन से उत्साहजनक परिणाम मिलने के कारण पूरे जिले के 121 हाट बाजारों में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का विस्तार किया गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंह देव की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना के क्रियान्वयन से स्वास्थ्य सेवाए ग्रामीण क्षेत्रों के आम लोगों तक पहुंच रही है। बीमारियों की प्रारंभिक स्तर से पहचान एवं उपचार के लिए सही परामर्श मिलने से स्वास्थ्य सूचकांको के मानकों को प्राप्त करने में मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। योजना के तहत डॉक्टरों की टीम आवश्यक दवाईयों एवं उपकरणों के साथ हाट बाजारों में पहुचकर लोगों का इलाज कर रही है। इसके साथ ही अन्य जांच भी मौके पर की जा रही है। यहां लोगों को निःशुल्क दवाएं भी दी जा रही हैं। इससे ग्रामीणों को काफी सुविधा हो रही है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक से ग्रामीणों को मिलने वाले लाभ का अंदाजा यहां इलाज कराने वालों के आकड़ों से लगाया जा सकता हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU